कार्यालय : कार्यालय : 9919803788

हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय

खलीलाबाद-272 175, संत कबीर नगर (उत्तर प्रदेश)

ई-मेल : hrpgcollage@gmail.com वेबसाईट : www.hrpg.edu.in

Accredited 'B' by NAAC (U.G.C.)

College with potential for Excellence Awarded by U.G.C.

पत्रांकः–ही0रा0पी0जी0 / 2026–27 दिनांक 18.09.2026

''अभिभावक–शिक्षक एवं नव प्रवेशित छात्र / छात्रा समागम'' हेतु आवश्यक सूचना

वर्तमान सत्र 2026–27 के **स्नातक {बी0ए0, बी0काम0, बी0एस–सी0 (बायो एवं मैथ ग्रुप), बी0सी0ए0 एवं बी0बी0ए0} प्रथम वर्ष** में नव प्रवेशित समस्त छात्र / छात्राओं को सूचित किया जाता है कि **''अभिभावक–शिक्षक एवं नव प्रवेशित छात्र / छात्रा समागम''** का आयोजन निम्नांकित तिथियों के अनुसार होना सुनिश्चित है। उक्त कार्यक्रम में सम्बन्धित छात्र / छात्राओं एवं उनके अभिभावक की उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः सम्बन्धित समस्त छात्र / छात्राओं से अनुरोध है कि वे अपने अभिभावकों के साथ निर्धारित समय पर महाविद्यालय में उपस्थित होकर कार्यक्रम मे सहभागिता करें तथा अपने अध्ययन अध्यापन एवं शैक्षणिक प्रगति से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी प्राप्त करें।

कार्यक्रम की समय–सारणी

पाठ्यक्रम का नाम	निर्धारित तिथि	निर्धारित समय	स्थान
बी0एस–सी0 प्रथम वर्ष	25.09.2026	अपरान्ह 12.15 से	विज्ञान भवन
बी0सी0ए0 प्रथम वर्ष	26.09.2026	अपरान्ह 12.15 से	बी0सी0ए0 विभाग
बी0काम एवं बी0बी0ए0 प्रथम वर्ष	28.09.2026	अपरान्ह 12.15 से	वाणिज्य विभाग
बी0ए0 प्रथम वर्ष	29.09.2026	अपरान्ह 12.15 से	सेमिनार हाल

महत्वपूर्ण निर्देशः– स्नातक प्रथम वर्ष के समस्त नव प्रवेशित छात्र / छात्राएं निर्धारित तिथि एवं समय के अनुसार कार्यक्रम में महाविद्यालय द्वारा निर्गत परिचय–पत्र एवं अपना ड्रेस में अपने अभिभावक के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

महाविद्यालय प्रशासन द्वारा समस्त अभिभावकों से भी अपेक्षा की जाती है कि वे अपने पाल्य / पाल्या की शैक्षणिक प्रगति, नियमित उपस्थित एवं अध्ययन–अध्यापन से सम्बन्धित विषयों पर शिक्षकों से संवाद स्थापित करने हेतु उक्त कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

प्रो0(ब्रजेश कुमार त्रिपाठी)
प्राचार्य
ही0 रा0 स्ना0 महा0, खलीलाबाद
संत कबीर नगर

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– सम्पादक महोदय, दैनिक समाचार पत्र, जनपद–संतकबीर नगर को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना अपने दैनिक समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

2– समस्त शिक्षकों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना सोसल मीडिया के माध्यम से छात्र / छात्राओं में अनिवार्य रूप से प्रसारित करना सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक छात्र / छात्राएं उक्त कार्यक्रम में अपने अभिभावक के साथ प्रतिभाग करना सुनिश्चित कर सके। साथ ही आप सभी अपने विभाग के लिए निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित रह कर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

3– प्रो0 राजेश चन्द्र मिश्र, मुख्य नियन्ता को अस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु नियन्ता मण्डल के समस्त सदस्यों के सहयोग से अनुशासन व्यवस्था बनाये रखने में अपना पूर्ण सक्रिय सहयोग प्रदान करने करने कष्ट करें।

2– कार्यालय अधीक्षक, एच0आर0पी0जी0 कॉलेज, खलीलाबाद, संतकबीरनगर को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना महाविद्यालय के वेबसाइट www.hrpg.edu.in ,फ़ेसबुक पेज Hira Lal Ram Niwas PG Collage, इंस्टाग्राम पेज hrpg.college एवं महाविद्यालय के वाट्सप चैनल H. R. P. G. COLLEGE पर अपलोड एवं सूचना वोर्ड पर चस्पा कराना सुनिश्चित करें।

प्रो0(ब्रजेश कुमार त्रिपाठी)
प्राचार्य
ही0 रा0 स्ना0 महा0, खलीलाबाद
संत कबीर नगर